an>

Title: Need to take steps to resolve water dispute between Punjab, Haryana and Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र में नोहर, भादरा और तारानगर के 25 गांवों को नहर से छोड़ दिया गया था।...(व्यवधान) परिस्थिति यह बनी हुई है कि यह मुद्दा वर्ष 1983 का है और पंजाब सरकार हरियाणा और राजस्थान को उनके हिस्से का पानी नहीं दे रही है।...(व्यवधान) इन गांवों के लोग काफी समय से इसका विरोध कर रहे हैं और पिछले पांच दिनों से वह पानी की टंकी पर चढ़े हुए हैं। यहां की स्थिति बहुत ही खराब बनी हुई है।...(व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वर्ष 1983 के समझौते के तहत राजस्थान के हिस्से का जो 8.6 एमएएफ पानी का हिस्सा है, वह उसको दिया जाए ताकि गांवों के लोगों को नहर के माध्यम से पानी मिल सके।...(व्यवधान) राजस्थान बहुत ही पिछड़ा इलाका है, इसलिए मेरा निवेदन है कि सरकार इस पर अपना कोई स्टैंड ले।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री सुधीर गुप्ता,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।